**BOSS Linux OS पर**

**LibreOffice Calc के लिए निर्देश पत्र**

**स्पोकन ट्यूटोरियल टीम**

**आई आई टी बॉम्बे**

**1. ऑनलाइन/ऑफलाइन विषय वस्तु**

1. स्पोकन ट्यूटोरियल्स की ऑनलाइन विषय वस्तु को यहाँ से एक्सेस किया जा सकता है। http://spoken-tutorial.org/tutorial-search/
2. आप ऑफलाइन अभ्यास के लिए स्पोकन ट्यूटोरियल्स यहाँ से डाउनलोड कर सकते हैं http://spoken-tutorial.org/cdcontent/
3. आप इस लिंक से Foss के वर्गों को उस भाषा में डाउनलोड कर सकते हैं, जिस भाषा में आप सीखना चाहते हैं।
4. स्पोकन ट्यूटोरियल कंटेंट आपकी मशीन पर zip फाइल के रूप में डाउनलोड होगा।
5. zip फाइल के कंटेट को एक्सट्रैक्ट करें और उन्हें एक्सेस करें।

**2. अभ्यास की प्रक्रिया**

1. आपको स्पोकन ट्यूटोरियल्स और फाइल्स का सेट दिया गया है।
2. आप विशिष्ट रूप से एक समय पर एक ही ट्यूटोरियल करेंगे।
3. आप एक स्पोकन ट्यूटोरियल सुन सकते हैं और वीडियो में दर्शायी सभी स्टेप्स पुनः कर सकते हैं।
4. अगर उपरोक्त करने में आपको परेशानी होती है, तो आप एक बार पूरा ट्यूटोरियल सुन सकते हैं और दूसरी बार सुनते समय अभ्यास कर सकते हैं।

**3. BOSS Linux पर लिबरे-ऑफिस Calc**

1. "Select FOSS" या "All FOSS Categories" ड्रॉप-डाउन पर क्लिक करें और "LibreOffice-Calc on BOSS Linux" चुनें।
2. "Select Language" या "All Languages" ड्रॉप-डाउन पर क्लिक करें और अपनी पसंद की भाषा (अंग्रेजी, हिन्दी, मराठी ) चुनें।
3. "Submit" बटन पर क्लिक करें।
4. आप अपने चुनाव के आधार पर ट्यूटोरियल्स की सूची देखेंगे।
5. प्रदर्शित सूची में पहले ट्यूटोरियल के साथ शुरू करें।

**4. पहला ट्यूटोरियल: Introduction to LibreOffice Calc**

1. विषय 'Introduction to LibreOffice Calc' पर जाएँ और इस पर क्लिक करें।
2. ट्यूटोरियल देखने के लिए, play आइकन पर क्लिक करें, जो प्लेयर में उपलब्ध है।
3. Pre-requisite प्लेयर के नीचे प्रदर्शित होगा (केवल ऑनलाइन विषय वस्तु के लिए)।
4. Outline, Assignments, Code Files और Slides प्लेयर के नीचे उपलब्ध हैं।

5. ब्राउजर का आकार इस प्रकार से रखें, कि आप साथ-साथ अभ्यास कर सकें।

**4.1 अभ्यास के निर्देश**

(a) अपने "Name-RollNo-Component" के साथ 'डेस्कटॉप' पर एक फोल्डर बनाएं। (उदाहरण- "nancy-04-Calc")

(b) जो फाइल्स आप सेव करते हैं उन्हें अगली बार पहचानने के लिए एक अद्वितीय नाम दें। (उदाहरण- "Practice-1-nancy")

(c) अपने सारे काम को अपने फोल्डर में सेव करना याद रखें।

(d) यह निश्चित करेगा कि आपकी फाइल्स किसी और से ओवर राइट न हो जाये।

(e) कार्य के अंत में सेव करने के बजाए अपने काम को समय समय पर सेव करें।

**4.2 नियत कार्यों के लिए सामान्य निर्देश**

(a) ट्यूटोरियल में निर्देशित की तरह नियत कार्य करें।

(b) अपने फोल्डर में अपना काम सेव करें।

**4.3 कोड फाइल्स उपयोग करने के सामान्य निर्देश**

(a) प्लेयर के नीचे स्थित "Code files" लिंक पर क्लिक करें और इसे अपने फोल्डर में सेव करें।

(b) डाउनलोड की हुई ज़िप फाइल को एक्सट्रैक्ट करें।

(c) आप उस विशेष ट्यूटोरियल में उपयोग हुई सभी कोड/सोर्स फाइल्स देखेंगे।

(d) उस विशेष ट्यूटोरियल में दिए गए निर्देशों के अनुसार इन फाइल्स को उपयोग करें।

6. पूरे ट्यूटोरियल को प्ले करें-रोकें-अभ्यास करें।

7. इस ट्यूटोरियल की समाप्ति के बाद, प्ले सूची से अगला ट्यूटोरियल चुनें, जो दायीं ओर या प्लेयर के नीचे है।

8. श्रृंखला के सभी ट्यूटोरियल्स पूर्ण होने तक उपर्युक्त सभी निर्देशों का अनुसरण करें।